

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने डिस्कवर उत्तराखंड पत्रिका का किया विमोचन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डिस्कवर उत्तराखंड पत्रिका का विमोचन किया। पत्रिका के मुख्य पेज पर मुख्यमंत्री की फोटो प्रकाशित की है मुख्यमंत्री ने कहा डिस्कवर उत्तराखंड पत्रिका कला, संस्कृति, शिक्षा, विरासत, पर्यटन तथा समग्र विकास पर्यटन को दर्शाने वाली पत्रिका है जन जागरण में समाज में प्रचार प्रसार करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं मुख्यमंत्री ने डिस्कवर उत्तराखंड पत्रिका के परिवार की सराहना की एवं शुभकामनाएं दी है।

### आप प्रत्याशी रविन्द्र आनन्द ने जनसंपर्क कर दी लोहड़ी

**संवाददाता** देहरादून।' आम आदमी पार्टी कैंट विधानसभा प्रत्याशी रविन्द्र सिंह आनंद ने यमुना कॉलोनी, सैय्यद मोहल्ला, प्रेमनगर आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क कर लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। रविन्द्र सिंह आनन्द ने बताया कि बृहस्पतिवार को कई चरणों में विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किया गया। घर घर जा कर आम आदमी पार्टी की नीतियों को तो बताया ही गया साथ ही लोगों को लोहड़ी एवं मकरसंक्रांति की शुभकामनाएं भी दी गई। रविन्द्र सिंह आनन्द ने बताया कि लोगों में कांग्रेस और भाजपा के लिये खास रोष व्याप्त है।

### कूप ऐप ने अपनाई स्वैच्छिक आचार संहिता

**संवाददाता** देहरादून। यूजर्स की सुरक्षा और के लिए शिकायत निवारण को दी जाएगी प्राथमिकता 13 जनवरी, 2022 सोशल मीडिया पर आगामी चुनावों से संबंधित चर्चा को सुरक्षित रखने की दिशा में एक कदम उठाते हुए देश के पहले माइको ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कूप ऐप ने स्वैच्छिक आचार संहिता को अपनाया है। पहली बार 2019 आम चुनाव से पहले इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित स्वैश्विक आचार संहिता भारत निर्वाचन आयोगको प्रस्तुत की गई थी।

### अमेजन ने की 17 से 20 जनवरी तक ग्रेट रिपब्लिक डे सेल की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन इंडिया की बहु प्रतीक्षित ग्रेट रिपब्लिक डे सेल वापस आ रही है जिसमें उत्पादों के विशाल चयन पर आकर्षक ऑफर्स की पेशकश की जाएगी उपभोक्ता भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय विक्रेताओं एवं पड़ोस के स्टोर द्वारा स्मार्टफोन कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी प्रोडक्ट्स होम एंड किचन लार्ज एप्लाएंसेस, टीवी, दैनिक आवश्यक वस्तुओं आदि सैकड़ों श्रेणियों के लाखों उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं बहु प्रतीक्षित सेल प्राइम मेंबर्स के लिए 24 घंटे पहले शुरू होगी।

# उत्तराखंड में तेजी से बढ़ रहा संक्रमण ग्राफ

**कोरोना अपडेट**

■ पिछले 24 घंटे में मिले 3005 नए मरीज, दो कोरोना मरीजों की मौत

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में बीते 24 घंटे में 3005 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं दो कोरोना मरीजों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटे में 977 मरीज स्वस्थ हुए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक गुरुवार को 13 जिलों में 3005 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। अब तक कुल 7435 मरीजों की मौतें हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में 977 मरीज स्वस्थ हुए हैं। इन्हें मिलाकर 335677 मरीजों ने संक्रमण को मात दी है। संक्रमितों की तुलना में ठीक होने वालों की संख्या घटने से सक्रिय मामले बढ़ गए हैं। वर्तमान में 9936 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। प्रदेश की रिकवरी दर 93.19 प्रतिशत और सैंपल जांच के आधार पर संक्रमण दर 10.91 प्रतिशत पहुंच गई है।

देहरादून जिले में 1224 संक्रमित मिले हैं। नैनीताल में 431, हरिद्वार में 426, ऊधमसिंह नगर में 399, चंपावत में 35, पौड़ी में 106, अल्मोड़ा में 103, टिहरी में 47, पिथौरागढ़ में 44, बागेश्वर में 59, चमोली में 71, रुद्रप्रयाग में 20, उत्तरकाशी जिले में 40 संक्रमित मिले हैं।

कोरोना संक्रमण के लिहाज से अब वही स्थिति बन गई है जो कि दूसरी लहर के दौरान पिछले साल मई–जून में थी। यानी कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर ने तीव्र गति से रफ्तार पकडनी शुरू कर दी है। स्थिति यह है कि कोरोना के दैनिक मामले तीन हजार के पार तक पहुंच गए हैं। राज्य में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या साढ़े आठ हजार से अधिक पर पहुंच गई है।

**दूसरी लहर में 400 ऑक्सीजन बेड थे, अब दून में हैं 3000**

जिले में वर्तमान में सरकारी और निजी अस्पतालों को मिलाकर तीन हजार से अधिक ऑक्सीजन युक्त बेड उपलब्ध हैं। जिनमें से सरकारी अस्पतालों में 1384, 382 आईसीयू युक्त बेड, 185 बच्चों और नवजातों के इंटेनसिव केयर यूनिट (आईसीयू) बेड शामिल हैं। इसके अलावा बाकी ऑक्सीजन युक्त बेड जिले के निजी अस्पतालों में उपलब्ध बताए जा रहे हैं। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज उप्रेती ने बताया कि गुरुवार को सभी निजी अस्पताल प्रबंधनों से ऑक्सीजन और आईसीयू बेड की उपलब्धता के बारे में नवीनतम जानकारी मांगी गई है। साथ ही डॉ. उप्रेती ने बताया कि जब कोरोना की दूसरी लहर शुरू हुई थी उस वक्त जिले में लगभग 400 ऑक्सीजन और आईसीयू बेड उपलब्ध थे।

**दून अस्पताल में 35 मरीज भर्ती, 370 को लगी वैक्सीनः** राजधानी के दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गुरुवार को ओपीडी में 700 से अधिक मरीज देखे गए। अस्पताल में कोरोना ग्रसित 35 मरीज भर्ती हैं। पिछले 24 घंटे में 11 मरीज भर्ती हुए हैं। अस्पताल के एमएस आवास में कोविशील्ड की 250 और कोवाक्सीन की 120 डोज लगाई गई। गुरुवार को लैब बंद होने के चलते सैंपलिंग नहीं हुई। नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि जिन भी मरीजों को कोई भी लक्षण नहीं है, उनको कोविड–19 टेस्ट कराने की आवश्यकता नहीं है।

60 वर्ष अधिक तथा हाई रिस्क मरीज जैसे डायबिटिक इत्यादि बीमारी वाले मरीजों को कोविड–19 टेस्ट कराना चाहिए। जिन भी कोविड–19 से ग्रसित मरीजों को हल्के लक्षण हैं, उनका होम आइसोलेशन समय सात दिन का है। प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना ने निर्देशित किया है कि ओपीडी, आईपीडी, टीकाकरण, सैंपलिंग आदि में मरीजों को किसी तरह की दिक्कत न आए। इसके लिए सभी एचओडी को निर्देशित किया गया है।

### 16 हजार 912 को लगी प्रिकाशन डोज

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए प्रिकाशन डोज लगाने का काम जारी है। एहतियात के तौर पर वैक्सीन की प्रिकोशन डोज फ्रंटलाइन वर्कर, हेल्थ केयर वर्कर व साठ साल से अधिक उम्र के लोग को लगाई जा रही है। इनमें अधिक संख्या स्वास्थ्य कर्मियों की रही। इस तरह तीन दिन में प्रदेश में साढ़े 46 हजार 696 लोग को प्रिकाशन डोज लग चुकी है।

**पुलिस कर्मी भी आ रहे चपेट में** कोरोना संक्रमण कहर पुलिसकर्मियों को भी चपेट में ले रहा है। मंगलौर कोतवाली के एक दारोगा में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। वह चुनाव ड्यूटी के लिए फोर्स लेने बाहर गए थे। मंगलौर कोतवाली इंस्पेक्टर पहले ही कोरोना संक्रमित आ चुके हैं। इसके अलावा भगवानपुर थाने में तैनात दो दारोगा और एक कांस्टेबल भी कोरोना संक्रमित आए हैं। भगवानपुर थानाध्यक्ष पहले ही कोरोना संक्रमित आ चुके हैं। वहीं कोतवाली रुड़की में तैनात एक पुलिसकर्मी में भी कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। गौरतलब है कि खानपुर विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन समेत 152 कोरोना संक्रमित मामले आए हैं।

# आज मकर संक्राति, होगी मांगलिक कार्यो की शुरूआत

**मकर संक्रांति**

■ भगवान सूर्य देव की पूजा अर्चना के साथ–साथ गंगा स्नान, दान का विशेष महत्व

**संवाददाता**

देहरादून। हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है, क्योंकि इस दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर आ जाते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान सूर्य देव की पूजा अर्चना के साथ–साथ गंगा स्नान, दान का विशेष महत्व है। शुक्रवार यानी (14 जनवरी) मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया जाएगा। इस दिन सूर्य देव के मकर राशि में गोचर करने से खरमास की समाप्ति भी होगी। जिसके बाद सभी तरह के शुभ कार्य के साथ–साथ मांगलिक कार्य की शुरुआत होगी।

मकर संक्रांति पर्व को लेकर इस बार लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कुछ पंचांग के अनुसार 14 जनवरी तो कुछ के अनुसार 15 जनवरी को मकर संक्रांति की तिथि मानी जा रही है। ज्योतिष के अनुसार मकर संक्रांति का मुहूर्त 14 जनवरी को सुबह 7.15 बजे से शुरू होगा जो शाम 5 बजकर 45 तक रहेगा। ज्योतिषाचार्य के अनुसार सूर्य अस्त से पहले यदि मकर राशि में सूर्य प्रवेश करेंगे तो उसी दिन पूर्ण काल रहेगा। इसलिए मकर संक्रांति के लिए स्नान दान का विशेष महत्व 14 जनवरी को है। ज्योतिष के अनुसार मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदी में स्नान दान कर भगवान सूर्य की पूजा अर्चना का विशेष महत्व है।

**कोरोना संक्रमण के कारण घर पर इस तरह करें स्नान**

मकर संक्रांति के पुण्यकाल में पवित्र नदियों में सबसे पहले स्नान करने का महत्व है। लेकिन कोराना संक्रमण की वर्तमान स्थिति को देखते हुए घर पर स्नान किया जा सकता है। घर में एक टब अथवा बाल्टी में पानी में गंगाजल की बूंदे डालकर स्नान करें। फिर सूर्यदेव को अर्घ्य दें और उनकी पूजा करें। ब्राह्मणों को भोजन कराएं और दान दें। काले तिल का दान करें।

पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन हरि भगवान विष्णु ने पृथ्वी लोक से असुरों का संहार किया था। भगवान विष्णु की जीत मकर संक्रांति के रूप में मनाई जाती है।

मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य दक्षिणायन में रहने के बाद उत्तरायण की ओर जाते हैं। सभी तरह के शुभ और मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है। मकर संक्रांति के दिन खासकर पवित्र नदियों में स्नान दान करने से सभी तरह की कष्टों से मुक्ति मिलती है। स्नान करने के बाद भगवान सूर्य के अर्घ्य देने से भगवान सूर्य प्रसन्न होते हैं। इस दौरान नदियों के किनारे भगवान सूर्य बीज मंत्र का जाप करने से सभी तरह के कष्टों का निवारण होता है।

### लोक सेवा आयोग ने दिए आनलाइन कार्य करने के आदेश

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने राज्य में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए गुरुवार को लोक सेवा आयोग में डीपीसी समेत सभी बैठक आनलाइन किए जाने के आदेश दिए हैं। गुरुवार को इस संबंध में पांच बिंदुओं वाला आदेश जारी किया गया। जिसमें कहा गया कि कोविड– 19 महामारी का संक्रमण फिर बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। जिसके दृष्टिगत् यह आवश्यक हो गया है कि अधिक से अधिक कार्य आनलाइन किया जाए। इसके आलोक में विभिन्न परीक्षाओं की टाइमलाइन निर्धारित किये जाने के संबंध में 14 जनवरी को होने वाली पावर पाइंट प्रेजेंटेशन को आनलाइन किया जाए। इसी तरह आयोग में होने वाली डीपीसी को भी आनलाइन करने के लिए व्यवस्था की जाए। आयोग के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने आयोग में कार्यरत सभी कार्मिकों को स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रतिदिन के आधार पर रिपोर्ट चार्ट तैयार किए जाने के आदेश दिए हैं।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।